# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 09.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान जारी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डाला पहला वोट, देर शाम तक नतीजे होंगे घोषित।।
- स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी अब से थोड़ी देर बाद नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अवैध खनन पर राज्य सरकार को घेरा, कहा– सड़क से सदन तक होगी लड़ाई।
- राज्य में कल से फिर बदलेगा मौसम, मौसम विभाग ने दोपहर बाद बादल और वज्रपात की जतायी संभावना।
- 15वीं झारखंड स्टेट शूटिंग और तीसरा इंटर स्कूल शूटिंग चौम्पियनशिप में खूंटी के निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन, सात स्वर्ण समेत जीते 23 पदक।

*******************

नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट डाला। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्‍व, जितेंद्र सिंह, प्रल्हाद जोशी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, जनता दल सेक्यूलर सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, डी. एम. के. सांसद दयानिधि मारण, समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव और जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा ने भी वोट डाला। इसके अलावा अन्य सांसद भी वोट डालने के लिए कतार में खड़े हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

*******************

राज्य में स्वास्थ्य विभाग में मैन पावर की कमी को दूर करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में संविदा के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का चयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज इन नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अवैध खनन के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। धनबाद के मुंडाधौड़ा में हुए भू–धसान के बाद घटना स्थल का दौरा करने के बाद उन्होंने धनबाद में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि इस मसले पर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जायेगी।

*******************

रांची स्थित एचईसी की जमीन पर वर्षों से रह रहे लोगों को अतिक्रमण के नाम पर बेघर किये जाने पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार के अच्छे कार्यों की तारीफ होती है तो गलतियों का विरोध भी होगा।

*******************

हजारीबाग में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चल रहा है। अभियान 15 सितंबर तक चलाया जाना है। हालांकि आज हजारीबाग की टीम निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुंच गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है जिन व्यक्तियों ने फाइलेरिया की दवा नहीं खायी है, वह नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से दवा ले सकते हैं। विशेष कैंप का भी आयोजन किया गया है और वहां भी दवा उपलब्ध है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

खूंटी जिले में राष्ट्रीय सड़क मार्ग पर पेलोल स्थित बनई नदी पर बना पुल 19 जून को टूट गया था। पूल टूटने के बाद रांची– सिमडेगा, रांची –राउरकेला, गुमला, मनोहरपुर जलडेगा, बानो, मनोहरपुर समेत छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की ओर जाने वाले बड़े भारी वाहनों के साथ–साथ आम लोगों को भी काफी कठिनाई होने लगी। अब बोरी बांध की तर्ज पर यहां बोरी मार्ग का निर्माण कराया गया है।

*******************

कोडरमा जिले में सड़कों के नेटवर्क को और बेहतर करने के लिए चार ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए 36 गांवों से जमीन अधिग्रहित की जाएगी।

*******************

सिने स्टार मिथुन चक्रवर्ती के निर्देशन में बांग्ला फिल्म की शूटिंग हजारीबाग के प्राकृतिक खूबसूरती वाले स्थानों पर चल रही है। यहां का लोकेशन फिल्म के निर्देशक मिथुन चक्रवर्ती को इतना पसंद आया कि उन्होंने फिल्म की 70 प्रतिशत शूटिंग हजारीबाग में करने का निर्णय लिया है। मिथुन चक्रवर्ती और उनकी टीम ने बताया कि इस फिल्म की कहानी महिला फिल्म कलाकार के लिए विपरीत परिस्थितियों में काम करना और उनकी चुनौतियां पर आधारित है।

*******************

भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 231 अंक बढ़कर 81 हजार 18 और निफ्टी 72 अंक बढ़कर 24 हजार 845 पर पहुंच गया। क्षेत्रीय स्तर पर, आईटी, फार्मा और हेल्थकेयर में सबसे ज़्यादा तेज़ी रही। दूसरी ओर, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटो सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख एक हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 32 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

राज्य में कल से मौसम में थोड़ा बदलाव संभव है। मौसम विभाग ने दोपहर बाद बादल छाने और वज्रपात के साथ कहीं–कहीं हल्की या छिटपुट बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से फिलहाल पूरी तरह से राहत नहीं मिलेगी।

*******************

रांची के टिकैत उमरांव शूटिंग रेंज में आयोजित 15वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चौम्पियनशिप और तीसरा इंटर स्कूल शूटिंग चौम्पियनशिप में खूंटी राइफल शूटिंग क्लब के निशानेबाजों ने 23 पदक जीते हैं ।इनमें सात गोल्ड, चार सिल्वर और पांच ब्रोंज मेडल शामिल हैं। सभी पदकवीर निशानेबाजों ने खूंटी उपायुक्त आर रॉनिटा और एसपी मनीष टोप्पो से मुलाकात की। उपायुक्त ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

*******************